






पंजाबी महिला विकास समिति के कार्यक्रम में पुष्पा सोनी व अन्य महिलायें भाग लेते हुए।

# गंगा मैया में जब तक पानी रहे, मेरे सजना तेरी जिंदगानी रहे...

## पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखा करवाचौथ का व्रत

**इंदौर.** सुहागनों ने अपने पति की लंबी आयु और दांपत्य सुख की कामना के लिए शुक्रवार को करवाचौथ व्रत रखा. सुबह से ही महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर पूजन की तैयारियां कीं. देर शाम को चंद्रमा के दर्शन के बाद व्रत खोला गया. इस दौरान शहर में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा सामूहिक पूजन का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न रंगागंर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए. इसमें महिलाओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां भी दी. महिलाओं ने चांद के इंतजार में अनेक लोकप्रिय गीतों का भी भरपूर आनंद लिया. गीतों के साथ नृत्य के जोश ने निर्जला उपवास की थकान भी सुहागनों ने भुला दी.

पंजाबी महिला विकास समिति ने परंपरा और उत्साह का संगम रचते हुए इस वर्ष भी भव्य करवा चौथ उत्सव का आयोजन किया. इंदौर के निजी होटल में आयोजित इस सुहाग पर्व में करीब 400 सजे-संवरी सुहागिनों ने भाग लिया और माँ पार्वती की पूजा-अर्चना कर अपने पतियों की लंबी आयु की कामना की. कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की अध्यक्ष अंजु शर्मा द्वारा सभी अतिथियों के स्वागत एवं करवा चौथ की पौराणिक कथा वाचन से हुआ. समिति की संरक्षक वीना साहनी ने अपने प्रेरणादायी आशीर्वचन से महिलाओं को परंपरा से जुड़ाव बनाए रखने का संदेश दिया. कार्यक्रम



का संचालन निशी गम्भीर और दिव्या चुग ने प्रभावी ढंग से किया. इस अवसर पर वृंदावन समूह द्वारा प्रस्तुत शिव-पार्वती नृत्य नाटिका ने वातावरण को भक्ति और सौंदर्य से सराबोर कर दिया. प्रारंभ में आरुषी सोनी द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई. इस मौके पर मनबीर नरंग, रूबी शीतल, सुनीता तनेजा और रानी खनूजा विशेष रूप से उपस्थित रहीं. समापन पर सचिव स्वीटी टुटेजा ने सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया.

## अग्रवाल समाज की 1200 सुहागनों ने पति के हाथों खोला करवा चौथ का व्रत

हाथों में मेहंदी और माथे पर बिंदिया सहित सुहागन के सोलह श्रृंगार में सजी-धजी अग्रवाल समाज की 1200 महिलाओं और उनके पतिदेव ने गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट की मेजबानी में राजीव गांधी चौराहा स्थित सोलारिस गार्डन में करवा चौथ व्रत का आनंद बड़े उत्साह, जोश और गरिमा के साथ मनाया. जैसे ही बादलों की ओट से चांद के दर्शन की प्रतीक्षा खत्म हुई, सोलह श्रृंगार में सजी-धजी महिलाओं ने चांद को अर्ध्य देकर अपने-अपने पतिदेव के परंपरागत रूप से दर्शन किए. इसके पूर्व समाज की महिलाओं ने अंताक्षरी, वन मिनट गेम्स, कपल गेम्स, कलश सज्जा, तंबोला और रंगारंग सांस्कृतिक



कार्यक्रमों में भी अपनी भागीदारी दर्ज कराई. नौ वर्षीय बालिका आहुति शुक्ला एवं भजन गायक धीरज तथा प्रियंका के भजनों पर मातृशक्ति ने खूब आनंद उठाया। महोत्सव संयोजक कनकलता-प्रेमचंद गोयल, कृष्णा-विजय गोयल एवं सोनल-अजय आलूवाले ने बताया कि गोयल पारमार्थिक ट्रस्ट की मेजबानी में आयोजित इस उजमन महोत्सव में महिलाओं के आगमन का क्रम सांय 7 बजे से ही शुरू हो गया था. करवा एवं चौथ माता तथा भगवान श्रीनाथजी को लगाए गए 56 भोग की सुगंध से परिसर महकता रहा. उजमन महोत्सव में शामिल महिलाओं ने इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, राजेश गर्ग केटी, विष्णु बिंदल, दिनेश मित्तल, अविनाश ओएस्टर, अरविंद बागड़ी, उमाकांत गर्ग, अरुण जैन हाईवे सहित बड़ी संख्या में शहर के प्रमुख समाजसेवी बंधु अतिथि के रूप में उपस्थित थे.

## सिल्वर सखी समूह ने उल्लास व पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया उत्सव

सिल्वर स्प्रिंग सोसायटी स्थित सिल्वर सखी महिला समूह द्वारा करवा चौथ व्रत का आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया. इस पारंपरिक पर्व में महिलाओं ने मिलकर व्रत कथा, पूजन, मनोरंजन और सौंदर्य का संगम रचा.

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक करवा चौथ कथा एवं पूजन से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में व्रती महिलाओं ने भाग लिया. सोलह श्रृंगार से सजी महिलाओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक आभा से वातावरण को भक्तिमय बना दिया. कथा पूजन के पश्चात सखियों ने मंच पर आकर्षक रैम्प वॉक प्रस्तुत कर उत्सव में आधुनिकता का रंग घोला. वहीं करवा चौथ स्पेशल तंबोला, मनोरंजक गेम्स और सरप्राइज गिफ्ट्स ने कार्यक्रम को और रोचक बना दिया. कार्यक्रम की संयोजक



शारदा उपाध्याय, संध्या सक्सेना, श्वेता श्रीवास्तव, सरोज पी.एन. मिश्रा और चेतना वर्मा ने विशेष सहयोग दिया. आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति में निहित स्त्री शक्ति, एकता और परंपराओं को सशक्त रूप से जीवंत रखना था. चंद्रोदय के समय सभी व्रती महिलाओं ने सामूहिक रूप से व्रत खोला और एक-दूसरे के मंगल की कामना करते हुए पर्व का समापन किया.उक्त जानकारी रजनी खेतान ने दी.

## महाडांडिया रास के साथ मनाया करवा चौथ का उत्सव

अग्रवाल समाज महिला महासभा के तत्वावधान में एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर करवा चौथ सेलिब्रेशन का आयोजन महाडांडिया रास एवं अन्य रंगारंग स्पर्धाओं के बीच वरिष्ठ समाजसेवी विनोद-नीना अग्रवाल एवं संस्था के प्रमुख संयोजक सीता-जगदीश बाबाश्री के मुख्य आतिथ्य में किया गया. मालवी भाभी के नाम से प्रख्यात प्रतीक्षा नैय्यर भी इस उत्सव में विशेष रूप से शामिल हुई. महासभा की संस्थापक राधा-राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर पार्षद बरखा मालू, प्रतिभा मित्तल, समाजसेवी नारायण अग्रवाल 420 पापड़वाले, रितु-राजेश अग्रवाल, पुष्पा गुप्ता, पिंकी अग्रवाल, नेहा गोयल, अंजलि अग्रवाल एवं प्रज्ञा अग्रवाल के आतिथ्य में करवा चौथ की थाली सजाने, लेडिज चेयर रेस,



कपल सोलह श्रृंगार, महा डांडिया रास, कपास की ज्वेलरी बनाने एवं तम्बोला सहित विभिन्न मनोरंजक गेम्स भी खेले गए, जिनमें युवतियों और महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया. कार्यक्रम संयोजक सीमा-श्याम अग्रवाल, दीप्ति-मुकेश अग्रवाल, भावना-गोविंद अग्रवाल, संध्या-चौथमल अग्रवाल, शीतल-मनोज अग्रवाल, तारा-पुरुषोत्तम अग्रवाल, सुमन-संजय अग्रवाल, वनिता अग्रवाल, उषा-मुरारी अग्रवाल, सपना-संजय अग्रवाल, खुशबू-अतुल अग्रवाल सहित महासभा की बहनों ने पूरे लगन एवं उत्साह के साथ मालवी भाभी प्रतीक्षा नैय्यर के साथ विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रस्तुतियां देकर पुरस्कार भी जीते.

### एक नजर में

## केविन केयर एबिलिटी अवार्ड्स के लिए नामांकन आमंत्रित

इंदौर. केविन केयर और एबिलिटी फाउंडेशन गर्व के साथ 24वें संस्करण केविन केयर एबिलिटी अवार्ड्स 2026 हेतु नामांकन आमंत्रित कर रहे हैं. नामांकन दो श्रेणियों में आमंत्रित किए जा रहे हैं- केविन केयर एबिलिटी अवार्ड फॉर एमिनेंस, ऐसे विकलांग व्यक्ति को सम्मानित करने हेतु, जिन्होंने किसी संगठन की स्थापना कर समाज पर परिवर्तनकारी प्रभाव डाला है. केविन केयर एबिलिटी मास्टरी अवार्ड्स- ऐसे विकलांग व्यक्तियों को सम्मानित करने हेतु, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता और विशेष पहचान हासिल की है., पुरस्कार विजेताओं को नकद राशि, प्रशस्ति-पत्र और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी. आयोजकों ने कहा कि ये पुरस्कार केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों का सम्मान नहीं करते, बल्कि समाज में विकलांगता के प्रति दृष्टिकोण को भी बदलने का प्रयास करते हैं, ताकि हर स्तर पर समावेश और सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सके. नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि है 30 अक्टूबर.

## टाटा पंच बनी इंदौर की पसंदीदा एसयूवी

इंदौर. टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने सितंबर 2025 में जबरदस्त बिक्री दर्ज करते हुए भारत की नंबर 2 पैसेंजर व्हीकल कंपनी के रूप में अपनी जगह बनाई है. इस सफलता की सबसे बड़ी वजह रही टाटा पंच — जो देश की टॉप 5 सबसे ज़्यादा बिकने वाली कारों में शामिल रही. पेट्रोल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक- तीनों वैरिएंट्स में उपलब्ध पंच एक कॉम्पैक्ट लेकिन दमदार एसयूवी है. शानदार फीचर्स और भरोसेमंद परफॉर्मेंस के साथ यह न सिर्फ एसयूवी में अपग्रेड करने वालों की सबसे पसंदीदा चॉइस बनी है, बल्कि देशभर में पहली बार कार खरीदने वाले 69% ग्राहकों की भी पहली पसंद रही है. अप्रैल से सितंबर 2025 के बीच टाटा पंच ने मध्य प्रदेश में टीएमपीवी की कुल बिक्री में 29% योगदान दिया, जिससे यह राज्य की सबसे पसंद की जाने वाली कारों में शामिल हो गई है. सिर्फ इंदौर में ही इस एसयूवी की बिक्री में 2 गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है.

## अमेज़न पे ने लॉन्च किया यूपीआई सर्कल

इंदौर. अमेज़न पे ने आज ग्लोबल फिनटेक फेस्टिवल 2025 में कई इनोवेशन्स की घोषणा की है. यूपीआई सर्कल के विस्तार के साथ अब परिवार का कोई भी सदस्य त्वरित यूपीआई भुगतान कर सकता है, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से यूपीआई का उपयोग कर सकते हैं और विश्वसनीय स्मार्ट डिवाइसों के ज़रिए भी यूपीआई भुगतान संभव हो गया है. यूपीआई सर्कल अब प्राथमिक यूपीआई खाताधारकों को परिवार के सदस्यों और विश्वसनीय संपर्कों को यूपीआई से तुरंत भुगतान करने के लिए सुरक्षित तरीके से जोड़ना मुमकिन बनाता है, साथ ही अभी इसमें खर्च की सीमा पहले से तय करनी होगी. अमेज़न पे इंडिया के पेमेंट्स एंड मर्चेंट सर्विसेज़ के डायरेक्टर गिरीश कृष्णन ने कहा यूपीआई सर्कल समावेशी डिजिटल भुगतान की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है. अमेज़न पे में, हम बड़े पैमाने पर ग्राहकों की वास्तविक समस्याओं का समाधान करना चाहते हैंइ और ये सुविधाएँ पूरे परिवार को यूपीआई के माध्यम से सुरक्षित और सुविधाजनक भुगतान करने में सक्षम बनाने की बढ़ती ज़रूरत को पूरा करती हैं.

## नगर निगम द्वारा लोक सेवा आयोग क्षेत्र का किया जाएगा सौंदर्यीकरण

▶ **यातायात व्यवस्था और सेल्फी प्वाइंट हेतु योजना बनाने के निर्देश**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर एक रेसीडेंसी इलाके में स्थित मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग चौराहे का नगर निगम द्वारा सौंदर्यीकरण किया जाएगा. साथ ही उक्त चौराहे पर यातायात व्यवस्था और सेल्फी पॉइंट का निर्माण करने की योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं.**

आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज लोक सेवा आयोग क्षेत्र का दौरा किया. दौरे के दौरान महापौर ने शहर में रेसीडेंसी क्षेत्र (राजा बख्तावर सिंह मार्ग) स्थित मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) कार्यालय चौराहे और आसपास के इलाके का जल्द ही पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण



करने का निर्णय लिया है. साथ ही सेल्फी प्वाइंट और ट्रैफिक व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के योजना बनाई जाएगी. ज्ञात हो कि देशभर से हजारों अभ्यर्थी हर वर्ष इंदौर एमपीपीएससी कार्यालय आते हैं. यहाँ वे अपने साक्षात्कार (इंटरव्यू) देते हैं, और भविष्य में देश सेवा में योगदान देते हैं. शहर में रेसीडेंसी क्षेत्र का यह इलाका पूरे प्रदेश की प्रशासनिक पहचान का प्रतीक है. महापौर ने अधिकारियों से कहा कि शहर में आने वाले अभ्यर्थियों को शहर की स्वच्छता, सुव्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का अनुभव होना चाहिए. उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्रशासनिक अभ्यर्थियों के लिए पहला अनुभव बिंदु है, इसलिए इसका स्वरूप इंदौर की छवि के अनुरूप होना चाहिए.

**सुंदरता का मॉडल शहर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे**

इंदौर की पहचान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं, बल्कि यह अब सुंदरता, सुविधा और व्यवस्था का मॉडल शहर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है. इसी क्रम में लोकसेवा आयोग चौराहे के सौंदर्यकरण का कार्य किया जाएगा.

**- पुष्यमित्र भार्गव, महापौर**

**कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश**

महापौर ने चौराहे के पुनर्निर्माण, यातायात व्यवस्था के सुधार और आसपास के सौंदर्यीकरण को लेकर जानकारी ली. नगर निगम और ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों को जल्द ही कार्ययोजना बनाने निर्देश दिए. महापौर भार्गव ने कहा कि लोक सेवा आयोग क्षेत्र का सौंदर्यीकरण न केवल शहर की भौतिक सुंदरता बढ़ाएगा. साथ ही यह उन अभ्यर्थियों को भी प्रेरित करेगा जो इंदौर में अपने भविष्य की नींव रखते हैं. इस मौके पर लोक सेवा आयोग चेयरमैन प्रदीप लाल मेहरा, राखी सहाय, नगर अपर आयुक्त अर्थ जैन, यातायात प्रभारी अश्विन जनवदे सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे.

## एक दिवसीय रोजगार मेला 13 को

इंदौर. राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार दिलाने के लिए कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में नियमित रूप से रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं. इसी सिलसिले में आगामी 13 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया है. यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और जिला उद्योग केन्द्र इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा. मेले का आयोजन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नन्दा नगर में किया जा रहा है.उप संचालक रोजगार पी.एस. मंडलोई ने बताया कि युवाओं को प्रतिष्ठित क्षेत्र की निजी कम्पनियों में नौकरी दिलाई जाएगी. खुद का व्यवसाय स्थापित करने लोन के लिए मार्गदर्शन भी देंगे.

एक नजर में ▶ 3महान साहित्यकार पुल देशपांडे की क्लासिक रचना है नाटक

## सुंदर मी होणार के अप्रतिम मंचन से अभिभूत हुए सानंद के प्रेक्षक

**इंदौर. सानंद न्यास के पांच दर्शक समूह के लिए नाटक सुंदर मी होणार का मंचन शुक्रवार शाम से स्थानीय देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागृह में प्रारंभ हुआ. महान साहित्यकार पुल देशपांडे, यह नाम आते ही मराठी संवेदनाओं में विनोद, विचार और मानवता का उजास भर उठता है. उनके लेखन में जीवन की झिलमिलाहट, मानवीय स्वभाव की सूक्ष्म छवियां और समाज के प्रति गहन करुणा सदैव प्रकट होते हैं. उनकी अमर नाट्यकृति 'सुंदर मी होणार' ( सुंदर मैं बनूंगी ) इसी परंपरा की उत्तराधिकारी रचना है- गहन आत्मानुभूति से भरा हुआ एक अंतर्मुख नाट्य अनुभव.**

शीर्षक सुनकर प्रारंभ में ऐसा प्रतीत होता है कि यह किसी स्त्री के बाह्य सौंदर्य की लालसा पर आधारित कथा होगी। किंतु पु. ल. देशपांडे का लेखन सदैव बाह्य नहीं, अंत:सौंदर्य की खोज करता है. इस नाटक में सुंदर बनने की आकांक्षा वास्तव में मन की मुक्ति की यात्रा है- व्यक्तित्व के उजाले की ओर बढ़ने वाली एक आत्मिक प्रक्रिया. कथानक नंदनवाड़ी के एक पुराने राजमहल में घटित होता है. संस्थान समाप्त हो चुके हैं, परंतु महाराज अब भी उसी राजसी भ्रम और सत्तामोह में जी रहे हैं. सत्ता का वास्तविक अस्तित्व भले ही न रहा हो, पर सत्ता का अहंकार और तोरा अभी भी शेष है. इस मानसिक बंधन का परिणाम उनके चारों बच्चों, दीदी, राजेंद्र, प्रताप और



बेबी- पर गहरा प्रभाव डालता है. महल की दीवारें जैसे उनके जीवन को भी कैद कर देती हैं. इस अंधकार में एकमात्र प्रकाश किरण है, दीदी। उसे यह बोध होता है कि उसके और उसके भाई-बहनों के जीवन पर पिता की छाया ने स्वतंत्रता का प्रकाश ढक दिया है. वह बंधनों से मुक्ति, आत्मसम्मान और जीवन के उजाले की तलाश करती है. उसका विद्रोह केवल पारिवारिक नहीं, बल्कि आत्मिक क्रांति का रूप ले लेता है. दीदी के माध्यम से पु. ल. देशपांडे यह कहते हैं कि, सुंदरता का अर्थ केवल रूप-सौंदर्य नहीं, बल्कि आत्मा और विचारों की सुंदरता है.

कलाकार- अभिजीत चव्हाण, श्रुति पाटिल, सर्जन देशपांडे, विराजस ओढेकर, आस्ताद काळे, श्रुजा प्रभुदेसाई।

**शनिवार और रविवार को दो-दो शो**

सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं मानव सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि 11 अक्टूबर को रामुभैय्या दाते समूह के लिये अपराह्न 4 बजे, सायं. 7 .45 बजे राहुल बारपुते समूह के लिये, इसी प्रकार दि. 13 अक्टूबर को वसंत समूह के लिये अपराह्न 4 बजे एवं सायं 7 .45 बजे बहार समूह के लिये होगा.